# ट्रेड शो में पांच दिन में पहुंचे साढ़े पांच लाख दर्शक

## अगले साल 25–29 सितंबर के मध्य इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा ट्रेड शो

जासं, ग्रेटर नोएडा: इंडिया एक्सपो मार्ट में पांच दिन तक चले उद्यमियों के महाकुंभ का रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इस बीच रिकार्ड साढ़े पांच लाख दर्शक ट्रेड शो में पहुंचे, जबकि गत वर्ष ट्रेड शो में तीन लाख दर्शक पहुंचे थे। ट्रेड शो में देश-विदेश से पहुंचे उद्यमियों ने राज्य के उद्यमियों को करोड़ों रुपये के आर्डर देकर प्रदेश को समृद्धि की राह पर और आगे बढ़ाया। वहीं, युवा उद्यमियों को भविष्य की राह दिखाई। अब 2025 में 25 से 29 सितंबर तक ट्रेड शो का तीसरा संस्करण आयोजन होगा। आयोजन से खुश योगी सरकार ने अब मंडल और जिलास्तर पर भी ट्रेड शो का आयोजन कराने का निर्णय लिया है।

**ट्रेड शो से प्रदेश की बन रही ग्लोबल छवि:** ट्रेड शो के समापन अवसर पर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्ग में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो ने जिस तरह व्यापक सफलता अर्जित की है, उससे प्रदेश सरकार आने वाले समय में मंडल और जिलास्तर पर भी ऐसे आयोजन करेगी। इससे छोटे कारोबारियों को भी बड़ा बाजार मिलेगा। उद्यमियों को विदेश से बड़ी संख्या में आर्डर मिले।

**भव्यता और विविधता के साथ यूपी के जायके ने दिल जीता:** पांच दिनों के दौरान लोगों ने जहां मेले की भव्यता और विविधता का लुत्फ उठाया, तो प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यंजनों का भी स्वाद चखा। प्रदेश के विभिन्न उत्पादों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। इसके अलावा लोगों में हस्तशिल्प, टेक्नोलाजी, कृषि उत्पाद, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों को देखने के प्रति भी खास क्रेज देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प, जैसे कि मिट्टी के बर्तन, बुनाई और कढ़ाई के सामानों ने भी दर्शकों का खूब ध्यान खींचा। खाद्य एवं पेय उत्पादों का पवेलियन भी इस शो में मुख्य आकर्षण का केंद्र बने रहे।

ट्रेड शो में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत प्रीति तिवारी द्वारा कथक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम द्वारा बुंदेली लोक गायन, देवेंद्र शर्मा मंगलामुखी द्वारा कथक नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके अलावा हनुमान चालीसा पर नृत्य नाटिका व वंदे स्तुति जैसे कार्यक्रमों भी आयोजित हुए। अंत में पलाश सेन और यूफोरिया बैंड द्वारा एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने लोगों में रोमांच का संचार कर दिया।



समापन पर प्रयागराज का ढेढ़िया लोकनृत्य प्रस्तुत करती कलाकार ● जितेंद्र सिंह

### हैकरों से बचाव को बना चक्रव्यूह

बैडिज टेक्नोज कंपनी से जुड़े मयंक पराशर ने बताया कि कई बार यह देखने में आया है कि स्कूल, कालेज, संस्थानों आदि से हैकर डाटा लीक कर देते हैं। फोन कर परेशान किया जाता है। ऐसे संस्थानों के डाटा को सुरक्षित रखने के लिए कंपनी कार्य कर रही है। कंपनी द्वारा नामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और संस्थाओं के डाटा को सुरक्षित रखा जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए ट्रेड शो में कई कंपनियों और संस्थाओं ने संपर्क किया है। स्टार्टअप्स को व्यापक स्तर पर बाजार उपलब्ध कराया है।

### करोड़ों के आर्डर पर स्टार्टअप्स का बढ़ा उत्साह

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में करोड़ों के आर्डर पाकर स्टार्टअप्स काफी खुश है। अधिकांश एक्सपोर्ट कंपनियों को संभावनाओं से कहीं अधिक आर्डर मिले। नए उद्यमियों में इससे उत्साह बढ़ा है। ट्रेड शो में पहले दिन से ही उद्यमियों को बेहतर बिक्री मिली, लेकिन शनिवार और रविवार को व्यस्तता बढ़ी तो आर्डर पर आर्डर मिलते गए। सभी स्टाल्स पर खरीदारों की भीड़ शाम तक बनी रही। बनारस गुलाबी मीनाकारी को पांच करोड़ का आर्डर मिला है, जिससे कारोबारियों की खुशी का ठिकाना नहीं है।

### मोदी, शाह रुख, सलमान को भाए टांडा के सूती परिधान

ट्रेड शो में टांडा टेक्सटाइल एसोसिएशन का स्टाल लोगों को आकर्षित कर रहा है। स्टाल पर लगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शाह रुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन की फोटो पर लोगों की विशेष नजर जा रही है। टांडा टेक्सटाइल एसोसिएशन के निदेशक मोहम्मद कासिम अंसारी ने बताया कि टांडा में पहले काटन (सूती) से बने परिधान ही बनते थे। अमिताभ बच्चन ने 'खाई के पान बनारस वाला' गाना में जो साफी गले में डाली है, उसी के बाद से यहां के परिधानों की मांग बढ़ी है। इसीलिए इस साफी को काशी का प्रसाद नाम से जाना जाता है। शाह रुख खान ने एक आयोजन में यहां के कपड़े की बनी शर्ट पहनी है, सलमान खान ने एक था टाइगर फिल्म में गले में साफी डाली हुई है। टांडा के बने अराफात रुमाल मध्यपूर्वी देशों में पहचान बनाए हुए है।



परिधान दिखाते टेक्सटाइल एसोसिएशन के निदेशक कासिम अंसारी ● जागरण